फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद, जिला राजसमन्द

श्री संस्कार पालीवाल निवासी केलवा तहसील व जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द — **प्रत्यर्थी**

मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 05/2026**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 09.02.2026

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक :— आर.टी.आई/26/197 दिनांक 04.02.2026 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी का ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 244999733017468 दिनांक 09.12.2025 इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। प्राप्त आवेदन में बिन्दु संख्या 01 से 04 की चाही गई सूचना के संबंध में प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक आर.टी.आई/25/980 दिनांक 31.12.2025 से तैयार सूचना का शुल्क 34/— जमा हेतु सूचनार्थ प्रेषित किया गया। जिस पर प्रार्थी द्वारा दिनांक 02.01.2026 को शुल्क राशि ऑनलाईन जमा कराई गई। उक्त क्रम में प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक आर.टी.आई./25/91 दिनांक 07.01.2026 से तैयार सूचना डाक द्वारा भिजवाई गई। अतः उक्त अपील को खारिज फरमाया जाने की कृपा करावे।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से भिजवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद